रक्षा सौदों में बिचौलिए

4055. **श्री रशीद मसूद** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान डा० राजा रामन्ना, भूतपूर्व सुरक्षा सलाहकार केन्द्रीय सरकार द्वारा कलदीप नैयर के साथ, भेंटवार्ता में व्यक्त किये गये इन विचारों की ओर गया है कि रक्षा सौदों में बहुत से बिचौलिए रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार की इस मामले पर क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल) :(क) और (ख) जी, हां । यह समाचार हथियारों के तकनीकी मूल्यांकन रक्षा मामलों में आत्मनिर्भरता, रक्षा सौदों में बिचौलियों की भूमिका तथा भ्रष्टाचार के मामले के बारे में विभिन्न पहलुओं पर डा० रामन्ना के विचारों से संबंधित है :

(ग) सरकार ने उन मामलों में जांच तथा छानबीन के आदेश दिए है जिनमें नियमों का उल्लंघन होने का संदेह है । रक्षा सौदों में विदेशी तथा भारतीय एजेंटों की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट देने के साथ-साथ रक्षा सौदों से ऐसे जेंटों को हटाने के लिये आवश्यक कदम उठाने और मौजदा कार्याविधि को सरल बनाने और समीक्षा करने तथा सुझाव देने के लिए रक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई ।

कागज की उत्पाद शुल्क नीति में परिवर्तन

4056. **श्रीमती रेणुका चौधरी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही में कागज तथा कागज के अन्य उत्पादों के संबंध में उत्पाद शुल्क नीति में कुछ परिवर्तन किए हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि परिवर्तनों के कारण बड़े कागज मिलों को लाभ होगा तथा छोटे कागज मिलों को हानि होगी; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित मंत्रालय में व्यय विभाग में राज्य मंत्री (श्री बी० के० गढवी) : (क) से (ग) कागज और कागज के अन्य उत्पादों पर उत्पादन शुल्क की दरों में कोई बड़े परिवर्तन नही किए गए हैं । तथापि, कागज के उत्पादों पर प्रदत्त शुल्क पर माडवेट क्रेडिट की सुविधा को उपयोगकर्ता उद्योग के लि 800 रुपये प्रति मीटरी टन तक सीमित कर दिया गया है ताकि बडी और छोटी कागज मिलों से उपयोगकर्ता उद्योग द्वारा खरीदे गए कागज और कागज के अन्य उत्पादों पर प्रदत्त शुल्क के क्रेडिट में समानता लाई जा सके । कागज की छोटी मिलों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया था ।

योजना व्यय में कमी

4057. **श्रीमती रेणुका चौधरी** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस तथ्य की ओर दिलाया गया है कि देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने सूखे के कारण योजना व्यय में कटौती न करने की सलाह दी है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?